# हत्या की योजना बना रहा कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 2 जुलाई. कोतवाली पुलिस ने कुख्यात अपराधी रिंकू उर्फ राहुल राठौर को एक देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस एवं एक महिंद्रा एक्सयूवी कार के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हत्या की योजना बनाकर हथियार सहित सोनाघाटी क्षेत्र में घूम रहा था।**

**एक देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और कार की जब्त**

**आरोपी पर पहले से दर्ज है कई मामले**



बुधवार को इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक शातिर अपराधी, जो वर्तमान में हत्या के मामले में जमानत पर है, अपनी सिल्वर रंग की महिंद्रा एक्सयूवी कार में पिस्टल लेकर सोनाघाटी ब्रिज क्षेत्र में अपने पुराने दुश्मन की हत्या की नीयत से घूम रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित की गई और बताए गए स्थान पर रवाना हुई। सोनाघाटी ओवरब्रिज के नीचे, झाड़ेगांव रोड पर एक सिल्वर एक्सयूवी कार आती हुई दिखी, जिसे पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर साक्षियों की उपस्थिति में रोका। आरोपी ने भागने का प्रयास किया, किंतु पुलिस की तत्परता से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रिंकू उर्फ राहुल पिता रमेश राठौर निवासी विनोबा नगर, गंज बैतूल बताया। उसकी तलाशी लेने पर कमर से एक देशी पिस्टल एवं उसमें लगी मैगजीन में 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए। साथ ही महिंद्रा एक्सयूवी वाहन, जिसकी अनुमानित कीमत 15,00,000 है, जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

**आरोपी पर दर्ज है कई प्रकरण :** बता दे कि आरोपी रिंकू उर्फ राहुल राठौर पर पूर्व में हत्या, हत्या का प्रयास, बलवा, चोरी, नकबजनी, बलात्कार, मारपीट जैसे 11 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वह वर्ष 2014 के एक हत्या प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा पाए जाने के बाद वर्तमान में उच्च न्यायालय से जमानत पर रिहा है। पिस्टल एवं कारतूस की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति की तलाश जारी है। कार्रवाई में निरीक्षक रविकांत डेहरिया, उप निरीक्षक राकेश सरयाम एवं टीम का योगदान रहा।

## सांप के काटने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

बैतूल। मोहदा थाना क्षेत्र के जीरुढाना गांव में मंगलवार रात एक 10 वर्षीय बच्चे की सांप के काटने से मौत हो गई। बच्चा रात में घर के अंदर बिस्तर पर सो रहा था, तभी जहरीले सांप ने उसे काट लिया। परिजनों ने बताया कि शिवराज यादव घर में बिस्तर पर सो रहा था, तभी अचानक उसने दर्द की शिकायत की। उठकर देखा तो एक सांप उसके बिस्तर पर और दूसरा नीचे था। परिजन तुरंत उसे भीमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। भीमपुर में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने शिवराज को बैतूल जिला अस्पताल रेफर किया। वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आसपास के इलाके में सांप की मौजूदगी को लेकर जांच की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

## जिले में अभी तक 181 .5 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 181.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 146.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 2 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 19.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 02 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 50.2, घोड़ाडोंगरी में 11.0, चिचोली में 35.0, शाहपुर में 9.0, मुलताई में 12.2, प्रभात पट्टन में 9.5., आमला में 5.0, भैंसदेही में 11.0, आठनेर में 11.1 तथा भीमपुर में 39.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। बुधवार को भी जिले में सुबह से बारिश होते रही। हालांकि दोपहर के बाद मौसम साफ हो गया और हल्की धूप खिली। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

## एक नजर में

### विजय राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष बने

**बैतूल।** चिचोली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम धनियाजाम के सामाजिक कार्यकर्ता विजय सिंह ठाकुर को राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी ने एक बार फिर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें मध्य प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 29 जून को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा की गई है। ठाकुर की सक्रियता और संगठन विस्तार में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें दोबारा यह दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि विजय सिंह ठाकुर संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों का पालन करते हुए कार्य करेंगे तथा संगठन के विस्तार में अपना पूर्ण योगदान देंगे। संगठन ने बताया कि विजय ठाकुर का कार्यकाल संगठनात्मक अनुशासन, सामाजिक समरसता और हिंदू चेतना के प्रसार के लिए समर्पित रहेगा। विजय सिंह ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की सूचना मिलते ही संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हेमंत को दी बधाई

**बैतूल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद पर हेमंत खंडेलवाल की नियुक्ति की घोषणा होते ही सामाजिक जनकल्याण समिति के अध्यक्ष सूरजलाल मंडलेकर सहित समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्री खंडेलवाल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में समिति के प्रमुख पदाधिकारी मानिकराव कापसे, डीआर झरबडे, एनके मांडवे, शिवदयाल चौकीकर, अजाबराव भूमरकर, रमेश उपराले, पंजाबराव पाटिल सहित अनेक सदस्य शामिल हैं।

### शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, एसपी से शिकायत

**बैतूल।** भीमपुर ब्लॉक के आदिवासी बाहुल्य ग्राम कुनखेड़ी में प्राथमिक शाला भवन और शिक्षक आवास की जमीन पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ग्रामीणों के अनुसार यह जमीन पूर्व में वर्ष 1949 के पहले परसराम पिता रामाराव निवासी भैंसदेही द्वारा स्कूल भवन निर्माण के लिए दान दी गई थी। उस पर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा प्राथमिक शाला, शिक्षक आवास, अतिरिक्त कक्ष, एक पुराना कुआं और हैंडपंप का निर्माण किया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि अब अनावेदकों द्वारा इस भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्होंने इस निर्माण का विरोध किया और प्रशासन से शिकायत की बात कही तो अनावेदकों ने धमकी दी। ग्रामीणों द्वारा बताई गई भूमि खसरा नंबर 155/1, रकबा 0 .094 हेक्टेयर पर स्थित है। 2 मार्च 2022 को अनावेदक के नाम पर विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण हुआ, जिसके बाद उक्त भूमि को निजी बताकर कब्जा किया गया। इस नामांतरण को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर न्यायालय में आवेदन दिया था और पुनर्विलोकन की मांग की थी। अनावेदकों द्वारा वहां निर्माण कार्य किया जा रहा है और ग्रामीणों को धमकियां दी जा रही हैं। गांव के सरवन आर्य, मुन्नालाल, बाबूलाल, नवरसिंह, कमल सिंह, हरि किशोर सहित अनेक ग्रामीणों ने एसपी बैतूल को आवेदन सौंपते हुए अनावेदकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# ई अटेंडेंस सभी विभागों पर लागू हो,शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** मप्र शिक्षक संघ द्वारा आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के नाम से जिला प्रशासन को मप्र मे शुरू हो रही ई अटेंडेंस पर रोक लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप गीते ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व मे भी ई अटेंडेंस प्रारंभ करने का प्रयास किया गया था, परंतु यह व्यवस्था अव्यवहारिक और शिक्षक समाज को जन सामान्य के बीच अच्छी छवि नही बनाती है एवं शिक्षा जैसे पवित्र कार्य को करने वालो के लिए अपमानजनक व्यवस्था है। सचिव मदन यादव ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी इस व्यवस्था को अपमानजनक व्यवस्था बताकर बंद कर दिया था एवं पुनः इस व्यवस्था को शुरू नहीं करने का आश्वासन दिया था। जिला संगठन मंत्री बीआर ठाकरे ने बताया कि वर्तमान मे इस ई अटेंडेंस के विरोध मे प्रदेश के शिक्षकों मे रोष है। यह व्यवस्था पूर्णतः मोबाइल पर आधारित है जो स्कूलों मे मोबाइल के उपयोग को बढ़ावा देती है। मोबाइल खराब होने, नेटवर्क नहीं मिलने, गुमने या घर पर भूल जाने से इस व्यवस्था से परेशानी होगी जिसमे शिक्षक भौतिक रूप से दिनभर स्कूल मे उपस्थित रहेगा परंतु मोबाइल के अभाव मे अनुपस्थित माना जायेगा। शिक्षक की निगरानी अवश्य हो परंतु ऐसी हो कि मानवीय गरिमा का ह्रास न हो। अगर हम वास्तव मे शिक्षा को प्रभावी बनाना चाहते है तो विश्वास और सम्मान का रिश्ता बनाये रखना होगा। लेकिन अनुशासन की कीमत संवेदनाओं की अनदेखी करके नहीं चुकानी चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई है कि यदि शिक्षक के लिए यह व्यवस्था लागू ही की जाना है तो राज्य सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के कर्मचारियों पर भी लागू की जाना चाहिए।



# एक वर्ष से फरार हत्या के इनामी आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** पुलिस ने एक वर्ष से फरार हत्या के दो ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 9 जून को हरिओम पिता धनराज यादव, निवासी टीकाबर्री, थाना बोरदेही की हत्या की सूचना पर थाना बोरदेही में धारा 302, 323, 34 भा.दं.वि. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में नामजद आरोपी गोकुल पिता देवा यदुवंशी और 2. सुरेश उर्फ राजू पिता प्रेमलाल यदुवंशी, दोनों निवासी टीकाबर्री, थाना बोरदेही वारदात के दिन से ही फरार थे। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों आरोपियों पर 5,000-5,000 के ईनाम की उद्घोषणा की गई थी। 30 जून को बोरदेही पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें उपजेल मुलताई भेजा गया है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम बट्टी, सउनि कमलसिंह मेहर, सउनि विवेक मेहरा, प्र.आर. अनिल धुर्वे, प्र.आर. सुनील पन्द्राम, आरक्षक विशाल चौरसिया, आरक्षक रोहन उईके, आरक्षक राधेश्याम कुमरे, आरक्षक मनोज पाल, आरक्षक किशोर साहू, महिला आरक्षक आरती पवार टीम की सराहनीय भूमिका रही।



# अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान, समाधान की मांग

**सारनी।** पाथाखेड़ा क्षेत्र की जनता को कुछ सालो पहले ही बिजली कनेक्शन मिला था। मगर पहले से ही बिजली विस्तारीकरण में कई कमियां देखी गई। लेकिन गुणवत्ताहीन बिजली कनेक्शन विस्तारीकरण विषय पर अब तक ना ही ठेकेदार पर कार्यवाही हुई ना ही इंजीनियर पर। आज उसी का नतीजा यह है कि जरा सी बारिश हुई या हवा चली तुरंत बिजली कटौती कर ली जाती है । बिजली विभाग के कर्मचारियों से पूछने पर बताया जाता है कि फॉल्ट हो गया है आधा घंटा या एक दो घंटा लगेगा। पूरे क्षेत्र में बिजली विस्तारीकरण में करोड़ों रुपए का गबन कर चुके ठेकेदार, इंजीनियर पर करवाई तो दूर उच्च स्तरीय अधिकारियों ने जांच भी कर पाना उचित नहीं समझा गया। सूत्र बताते हैं कि बिजली विस्तारीकरण होने के समय में निम्न स्तर के बिजली के केबल जो की उच्च गुणवत्ता व एस्टीमेट के आधार पर दी गई मानक तय एमएम का नही होने से 33 के वी क्षमता के विद्युत भार को नहीं झेल पाना ही वजह है। ट्रांसफार्मर की गुणवत्ता और साथ में अन्य उपकरण भी उच्च गुणवत्ता के नही होना वजह बना हुआ है।कई ट्रांसफार्मर अब तक जल चुके हैं।

# रोजगार सहायक पर रिश्वत लेने का आरोप

**बैतूल। आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत डेडवाकुंड के 70 से अधिक ग्रामीणों ने पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए रोजगार सहायक को तत्काल निलंबित करने की मांग की।**

इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने के लिए ग्रामीण बरसते पानी में कलेक्टर ऑफिस के सामने डटे रहे। ग्रामीणों ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के नाम ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि रोजगार सहायक विक्रम यादव ने पीएम आवास योजना के तहत हर हितग्राही से 5-5 हजार रुपये लेकर उन्हें योजना का लाभ तक नहीं दिलाया। ग्रामीणों का कहना है कि जिन लोगों के नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है, उनके खातों में मजदूरी की राशि न भेजकर वह लेबर पेमेंट किसी अन्य के खाते में डलवाकर खुद वसूली करता है।

यह लगातार तीनों ग्रामों में कर रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रोजगार सहायक का व्यवहार भी बेहद अभद्र है। वह महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करता है। ग्रामीणों की मांग है कि रोजगार सहायक को तत्काल पद से हटाया जाए ताकि वह और किसी आदिवासी पंचायत में जाकर इस तरह का भ्रष्टाचार और शोषण न कर सके।



# विद्यार्थियों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**बैतूल।** जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त ने जिले के महाविद्यालय, उमावि, हाईस्कूल, छात्रावास संस्था प्रमुखों को उनकी संस्था एवं अधीनस्थ संस्थाओं के विद्यार्थियों का वन टाइम रजिस्ट्रेशन संस्था स्तर पर एवं नजदीकी एमपी ऑनलाईन सेन्टर के माध्यम से शतप्रतिशत कराया जाकर शिक्षण संस्था एवं छात्रावास के सूचना पटल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की प्रति चस्पा किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि आयुक्त अनुसूचित जाति विकास एवं आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग म.प्र भोपाल द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजातीय पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना एवं प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना कक्षा 9 वी से महाविद्यालय स्तर तक के क्रियान्वयन के लिए शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए राज्यों के लिए निर्देश जारी किये गए है, जिसमें छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराया जाने के निर्देश प्राप्त हुये है। अनुसूचित जाति, जनजातीय केन्द्र प्रवर्तित प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

# धौल के ग्रामीणों ने बना दी एक किमी सड़क

**बैतूल।** जब नेता खामोश हो गए, सिस्टम ने मुंह मोड़ लिया, तब धौल गांव के लोगों ने खुद मोर्चा संभाल लिया। कीचड़ और जर्जर रास्ते की मार झेल रहे ग्रामीणों ने उम्मीदों की जगह जमीनी हकीकत को चुना और अपनी मेहनत, चंदा व किराए की जेसीबी से एक किलोमीटर सड़क तैयार कर डाली। ब्लाक बैतूल के ग्राम धौल के ग्रामीण वर्षों से कच्ची सड़क की परेशानी झेल रहे थे। धौल ढाना से ग्राम लापाझिरी तक पहुंचने के लिए 5 किलोमीटर का कच्चा रास्ता ही एकमात्र सहारा था। बारिश में यह रास्ता कीचड़ से भर जाता और आवागमन ठप हो जाता। इस मार्ग से किसानों के खेत भी जुड़े हुए हैं, जिससे बरसात के मौसम में खेती तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता था। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत प्रतिनिधियों, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, विधायक और सांसद से गुहार लगाई, लेकिन कहीं से भी सहयोग नहीं मिला। ग्राम पंचायत के सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, विधायक और सांसद सभी भाजपा से जुड़े होने के बावजूद इस समस्या की अनदेखी करते रहे। जब ग्रामीणों ने देखा कि कहीं से उम्मीद नहीं बची, तो उन्होंने स्वयं सड़क बनाने का निर्णय लिया। गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने आपस में मिलकर चंदा इकट्ठा किया। कुल 50 हजार रुपये जमा किए गए। फिर जेसीबी किराए पर लेकर बोल्डर और मुरम निकलवाए गए। ट्रैक्टर-ट्रालियों की मदद से 5 किलोमीटर लंबे कच्चे मार्ग में से एक किलोमीटर हिस्से पर एक फीट ऊंची सड़क तैयार कर दी गई।



# पत्नी-बेटे ने की किसान की पिटाई, उपचार के दौरान मौत

**बैतूल।** आमला थाना क्षेत्र के ग्राम सोनतलाई में किसान अनुनाथ कोसे (45) की मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पहले जिसे सड़क हादसा बताया जा रहा था, अब वह मामला हत्या में तब्दील हो गया है। किसान की मौत एक्सीडेंट से नहीं, बल्कि उसकी पत्नी और बेटे की पिटाई से हुई थी। अभी बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक ने मरने से पहले खुद मारपीट का आरोप लगाया था। बेटा खुद पिता को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गया ताकि संदेह न हो। मृतक अनुनाथ कोसे पिता सदिया कोसे की मौत बुधवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि अनुनाथ के साथ उसके ही बेटे पंकज और पत्नी रमा बाई ने मारपीट की थी। टीआई सत्यप्रकाश सक्सेना के अनुसार, पंकज को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि रमा बाई की तलाश की जा रही है। घटना के बारे में मृतक की भाभी कमला कोसे ने बताया कि 30 जून को पंकज ने फोन कर कहा था कि अनुनाथ का एक्सीडेंट हो गया है और उन्हें मुलताई बस स्टैंड के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेकिन जब कमला 1 जुलाई को अस्पताल पहुंची, तो घायल अनुनाथ ने खुद बताया कि उसके साथ पत्नी और बेटे ने मारपीट की है। गंभीर रूप से घायल अनुनाथ को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस को शुरुआती जांच में यह भी जानकारी मिली कि मारपीट के बाद पंकज खुद ही अपने घायल पिता को अस्पताल लेकर गया और इलाज करवाता रहा, ताकि किसी को शक न हो। फिलहाल पुलिस ने केस को हत्या की धारा में दर्ज कर लिया है और रमा बाई की तलाश जारी है।



**ताप्ती जन्मोत्सव** उमड़ा आस्था का सैलाब, करीब डेढ़ लाख लोगों ने किए दर्शन

# आस्था एवं हर्षोल्लास से मनाया गया माँ ताप्ती जन्मोत्सव

**मुलताई। सुर्यपुत्री माँ ताप्ती की उदगम स्थली पवित्र नगरी में आषाढ़ मास की शुक्ल सप्तमी पर बुधवार माँ ताप्ती जन्मोत्सव आस्था एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

**अभिषेक पूजन कर निकाली शोभायात्रा**

**शहर में जगह-जगह हुआ भंडारा प्रसादी का वितरण**



माँ ताप्ती जन्मोत्सव पर अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया था। ब्रम्हमुहुर्त से ही ताप्ती सरोवर में स्नान कर ताप्ती सरोवर सहित ताप्ती तट स्थित मंदिर में पुजा अर्चना कर सरोवर की परिक्रमा कर पुण्यलाभ अर्जित किया। ताप्ती सरोवर में स्नान का दौर सुबह से दोपहर तक चलते रहा। वहीं ताप्ती जन्मोत्सव पर समिति एवं माँ ताप्ती ट्रस्ट के लोगों द्वारा पुजा अर्चना की गई। दोपहर 12 बजे माँ ताप्ती की अभिषेक कर पुजा अर्चन के साथ माँ ताप्ती का जन्म हुआ। जिसके बाद महाआरती कर भंडारा प्रसादी वितरित की गई । वहीं विभिन्न संगठनों द्वारा अपने अपने स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया । सुबह साढे 10 बजे माँ ताप्ती सेवा मंडल द्वारा महाआरती घाट से चुनरी यात्रा निकाली जो सरोवर की परिक्रमा कर वापस महाआरती घाट पहुची । जहां पर ताप्ती सेवा मंडल के सदस्यों ने 251 मीटर की चुनरी माँ ताप्ती में अर्पित की । वहीं गुजरात सुरत के भक्तो द्वारा भेजी गई 251 मीटर की साडियों की चुनरी यात्रा निकाल कर चुनरी अर्पित की गई।

**चुनरी यात्रा निकाल कर कि चुनरी अर्पित :** माँ ताप्ती जन्मोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार माँ ताप्ती सेवा मंडल द्वारा महाआरती घाट से चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनरी यात्रा माँ ताप्ती सरोवर की परिक्रमा कर महाआरती पहुची। जहां पर श्रद्धालुओं द्वारा माँ ताप्ती को 51 साडियों से बनी चुनरी सरोवर में अर्पित की गई। वहीं श्रद्धालु द्वारा सुरत गुजरात से आई चुनरी की यात्रा निकालकर माँ ताप्ती सरोवर में चुनरी अर्पित की गई।

## 11 लीटर दूध से किया माँ ताप्ती का अभिषेक

संत अशोक महाराज द्वारा 111 लीटर दुध से ताप्ती तट जगदीश घाट पर पहुच कर माता रानी का दुग्धअभिषेक किया गया। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे। बैतूल विरासत समिति के राजू पवार द्वारा कामथ से गाजे बाजे के साथ नाचते गाते ध्वज यात्रा निकाली गई। ध्वज यात्रा में क्षेत्र के 101 ग्रामों के मंदिरो से लाए गए ध्वज के साथ यात्रा नागपुर नाका होते हुए मुख्य मार्ग से ताप्ती सरोवर पहुची । इस दौरान भाजपाई बडी संख्या में ध्वज यात्रा में शामिल हुए। ध्वज यात्रा का समापन माँ ताप्ती सरोवर पर ध्वज अर्पित कर किया गया ।

# ताप्ती सदानीर अभियान तहत किया पौधारापण

**भैंसदेही।** विद्या भारती भाऊराव देवरस सेवा न्यास भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा संचालित जनजाति बालक छात्रावास धाबा में जनजाति शिक्षा जिला भैंसदेही द्वारा मां ताप्ती के जन्मोत्सव पर आम सीताफल का पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर जनजाति शिक्षा के जिला प्रमुख राजेश वर्टी ने अपने उदबोधन में कहा कि जनजाति समाज प्रकृति संरक्षण के साथ ही हमेशा से प्रकृति पूजक रहा है जनजाति समाज के लोग नदी, पहाड़, पेड़ प्रकृति की वर्षों वर्ष से पूजा करते चले आ रहे हैं। सही मायने में जनजाति समाज को प्रकृति को संरक्षित कर रहा है/जनजाति समाज अपने सभी तीज त्यौहार पर्व प्रकृति जीव जन्तुओं के साथ तालमेल बैठा कर मानता है/जनजाति समाज के कुल गोत्र प्रकृति, पेड़ पौधे एवं जीव जन्तुओं से जुड़े हैं/वह इनको देव मानकर इनकी पूजा करते हैं इसलिए इन्हें नुकसान नहीं पहुंचाते है हम सब जनजाति शिक्षा के कार्यकर्ता हैं जनजाति क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं/इसलिए हमें वर्तमान समय में आने वाली पीढ़ी को इन सभी पूर्वजों के किए हुए कार्य एवं उनके द्वारा बनाई गई परम्पराओं से अवगत कराना परिचित कराना हम सभी का कर्तव्य है। मां ताप्ती सदा नीरा अभियान के अन्तर्गत मेंधा नदी के किनारे बीजारोपण किया गया जिससे भूमि का कटाव नहीं होता है/तथा नदी सदा नीरा रहती है। इस मौके पर जनजाति शिक्षा के प्रान्त प्रमुख रूप सिंह लोहाने ,जनजाति शिक्षा के प्रवासी कार्यकर्ता, अधीक्षक विजय श्रीवास्तव एवं सहयोगी नन्द लाल मर्सकोले उपस्थित रहे।

